भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 144वीं आईपीयू बैठक में भाग लिया

नुसा दुआ, बाली/नई दिल्ली; 20 मार्च, 2022: भारतीय संसदीय शिष्टमंडल इस समय अंतर संसदीय संघ की 144वीं बैठक में भाग ले रहा है। इस बैठक का आयोजन इंडोनेशिया की संसद और अंतर संसदीय संघ, जिनेवा ने संयुक्त रूप से किया है।

आज पूर्वाह्न में, सांसद, श्रीमती पूनमबेन माडम ने महिला सांसद ब्यूरो की बैठक में भाग लिया। सांसद, श्रीमती पूनमबेन माडम और श्रीमती रक्षा खाडसे महिला सांसद मंच की बैठक में भी शामिल हुईं। इस मंच की बैठक के दौरान, श्रीमती. पूनमबेन माडम ने चर्चा में भाग लिया तथा शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर आईपीयू की पहली स्थायी समिति के संकल्प के विषय - "स्थायी शांति को बढ़ावा देने के लिए शांति प्रक्रियाओं पर पुनर्विचार और पुनःसंरचना" पर महिलाओं के दृष्टिकोण से अपने विचार साझा किए।

सांसद, श्रीमती रक्षा खाड़से ने उपर्युक्त मंच की बैठक में भाग लेते हुए आईपीयू की सतत विकास संबंधी स्थायी समिति के संकल्प के विषय " शिक्षा के क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए वैश्विक महामारी सहित सभी समय पर सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग" पर महिलाओं के दृष्टिकोण से अपने विचार व्यक्त किए।

अपराहन में महिला सांसद मंच का सत्र फिर से शुरू हुआ। सांसद, श्रीमती पूनमबेन माडम और श्रीमती रक्षा खाडसे ने कोविड -19 के समय में और महामारी से उबरने के दौरान मातृ, नवजात शिशुओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के संसदीय अनुभवों के विषय पर हुई मंच की पैनल चर्चा में भाग लिया। पैनल चर्चा के पहले भाग में, सांसद, श्रीमती पूनमबेन माडम ने 'महिलाओं, बच्चों और किशोरों पर कोविड -19 का प्रभाव' विषय पर चर्चा में भाग लिया; और सांसद, श्रीमती रक्षा खाडसे ने दूसरे भाग में कोविड -19 के समय में माताओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के संबंध में अच्छी संसदीय प्रथाओं को साझा करने पर हुई चर्चा में भाग लिया।

अंतर संसदीय संघ की 144वीं बैठक के पहले दिन एशियाई संसदीय सभा (एपीए) ने भी समन्वय बैठक की। इस बैठक के दौरान, प्रतिभागियों को एपीए की भावी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई और मौजूदा बैठक की कार्यसूची मदों के संबंध में भी चर्चा हुई। सांसद, श्री विष्णु दयाल राम ने उक्त बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

मुख्य बैठक से इतर आयोजित बैठकों में, आईपीयू के भू-राजनीतिक समूहों ने अंतर संसदीय संघ की 144वीं बैठक की कार्यसूची मदों पर अपने दृष्टिकोण के समन्वय के लिए बैठक की। सांसद, श्री विष्णु दयाल राम ने आईपीयू के एशिया प्रशांत भू-राजनीतिक समूह की बैठक में भाग लिया। भारत इस समूह का सदस्य है।